05/07/2024

आकाशवाणी ईटानगर

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन में रक्षा अलंकरण समारोह-2024 के पहले चरण का वीरता पुरस्कार प्रदान किया। समारोह में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी उपस्थित थे। इधर भारत ने 2023-24 में रक्षा उत्पादन के मूल्य में अब तक की सबसे अधिक वृद्धि दर्ज की है। 2023-24 में उत्पादन का मूल्य लगभग एक लाख 27 हजार करोड़ रुपये तक पहुंच गया है, जो पिछले वित्त वर्ष के उत्पादन मूल्य से 16.8 प्रतिशत अधिक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2023-24 में रक्षा उत्पादन के मूल्य में अब तक की सबसे अधिक वृद्धि हासिल करने के लिए देश की सराहना की है।

0000000000000000000

राज्यभर में आपातानी जनजाति का प्रमुख कृषि आधारित त्यौहार ड्री परंपरा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड के. टी. परनाईक और मुख्यमंत्री पेमा खाण्डू ने प्रदेश के लोगों को ड्री की शुभकामनाएं दी। उन्होंने राज्य में सुख, शांति और खुशहाली की कामना की हैं। राजधानी ईटानगर के पापु नालाह में स्थित ड्री ग्राउंड में आयोजित गोल्डेन जुबली ड्री फेस्टिवल समारोह में उपमुख्यमंत्री चाउना मेन, विधानसभा उपाध्यक्ष कार्दो निग्योर, विधायक हागे अपा, ईटानगर के मेयर तामे फासांग सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

अपने संबोधन में उपमुख्यमंत्री ने प्रदेश की जनजातीय विरासत के संरक्षण पर जोर देते हुए युवा पीढ़ी को अपनी कला और संस्कृति के बारे में जागरुक करने और प्रचार-प्रसार के लिए उन्हें प्रोत्साहित करने का आह्वान किया। इस खास मौके पर राजधानी क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों की टोलियों द्वारा पेश लोक नृत्य आकर्षण का मुख्य केंद्र रहा।

0000000000000

लोअर सुबनसिरी जिले के जिरो में आयोजित ड्री फेस्टिवल समारोह में राज्य कृषि मंत्री ग्रेब्रिएल डी. वांग्सु, पूर्व मंत्री तागे ताकि, विधायक तोको तातुंग सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे। अपने संबोधन में कृषि मंत्री ने लोगों से त्यौहारों में शामिल होने और जनजातीय कला एवं संस्कृति के संरक्षण का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ऑर्गेनिक कल्टिवेशन को बढ़ावा दे रही है। कृषि मंत्री ने लोगों से कृषि, बागवानी और पशुपालन क्षेत्र का लाभ उठाकर राज्य को आत्मनिर्भर बनाने में योगदान की अपील की।

000000000000000

लोअर दिबांग वैली जिले के रोइंग में ड्री पारंपरिक उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर जिले में निवास करने वाले आपातानी जनजाति के लोगों ने अपनी कला और संस्कृति को प्रदर्शित किया। ड्री फेस्टिवल कमेटी रोइंग के चेयरमैन हिबु दोले ने बताया कि ड्री उत्सव समारोह के तहत युवाओं की सहभागिता के लिए हर साल विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती है।

00000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश सरकार के फाइनेंस, प्लानिंग एंड इनवेस्टमेंट डिपार्टमेंट ने वित्त वर्ष दो हजार चौबीस-पच्चीस के राज्य बजट के संबंध में प्रदेश के लोगों से सुझाव आमंत्रित किया है। मुख्यमंत्री पेमा खाण्डू ने अपने एक ट्वीट में कहा है कि राज्य बजट में जनता की आकांक्षाओं और जरूरतों को शामिल करने के लिए सरकार पारदर्शिता के साथ लोगों के सुझावों पर अमल करेगी। उन्होंने लोगों से अपने सुझाव डब्लूडब्लूडब्लू.अरुणाचलबजट.इन पर ग्यारह जुलाई तक भेजने की अपील की है। टॉप थ्री सुझाव देने वाले प्रतिभागियों को पचास-पचास हजार रुपए का नकद पुरस्कार दिया जायेगा।

00000000000000

कैपिटल ईटानगर पुलिस और ललन कोचिंग सेंटर ने पुलिस कर्मियों के बच्चों के लिए नीट प्रतियोगिता की तैयारी के लिए प्रोजेक्ट सक्षम लॉन्च किया है। राजधानी पुलिस की पहल नीट दो हजार पच्चीस परीक्षा के उम्मीदवारों के लिए काफी सहायक होगी। इसके तहत दस महीने का कोचिंग प्रोग्राम, जिसमें अकादमिक ट्रेनिंग और काउंसेलिंग शामिल है। अरुणाचल प्रदेश में कार्यरत पुलिस कर्मियों के चयनित सात बच्चों को स्कॉलरशिप मुहैय्या करायी जा रही है, जिसमें से पांच छात्रों की पूरी फीस माफ होगी। पुलिस अधीक्षक कार्यालय ईटानगर में आयोजित ओरियेंटेशन कार्यक्रम में चयनित छात्र को एसपी रोहित राजवीर सिंह और ललन कोचिंग सेंटर की प्रतिनिधियों ने प्रोत्साहित किया।

00000000000000000

पापुम पारे जिले के यूपिया में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार को लेकर समन्वय बैठक हुई। इस बैठक में दोईमुख से विधायक नबाम विवेक और सागली से विधायक रातु तेची मौजूद थे। शिक्षकों के रेशनल पोस्टिंग पर जोर देते हुए विधायक नाबम विवेक ने शिक्षकों के ट्रांस्फर और पोस्टिंग के मामले में किसी भी तरह का राजनीतिक हस्तक्षेप नहीं करने का आश्वासन दिया है। उन्होंने सभी शिक्षकों से शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार पर ध्यान केंद्रित करने और प्रगति की समीक्षा के लिए छह महीने में एक समीक्षा बैठक का भी आग्रह किया। इस बीच, सागाली विधायक ने कम नामांकन वाले स्कूलों के विलय के प्रस्ताव के बारे में बात की। उन्होंने शिक्षा विभाग में चुनौतियों का सामना करने के लिए सभी हितधारकों से सहयोग और सामूहिक प्रयास की भी मांग की।

0000000000000000

लगातार बारिश और भूस्खलन के कारण ईटानगर, 6 किलो, लेखी, गंगा से बट गांव और कारसिंगसा मार्ग से यातायात प्रभावित है। जिला उपायुक्त ने राजमार्ग विभाग को अपने कर्मियों और उपकरणों को 24x7 तैयार रखने और किसी भी अवरोध को दूर करने के लिए तत्काल कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। जिला उपायुक्त ने एक आदेश जारी कर ईटानगर - बंदरदेवा राष्ट्रीय राजमार्ग पर कारसिंगसा से होकर यातायात पर रोक लगाते हुए अगली सूचना तक गुमतो रोड से वाहनों को आने-जाने की सलाह दी है।

000000000000000

कृषि, बागवानी और पशुपालन मंत्री ग्रेब्रिएल डी. वांग्सु ने लोअर सुबनसिरी जिले के जिरो में एग्रीकल्चर एंड अलाईड डिपार्टमेंट और कृषि विज्ञान केंद्र के अधिकारियों के साथ बैठक में राज्य में कृषि गतिविधियों और योजनाओं पर अमल की समीक्षा की। उन्होंने विभागीय प्रमुखों से सभी लंबित परियोजनाओं को जल्द गुणवत्ता के साथ पूरा करने को कहा

000000000000

तवांग जिले के उपायुक्त कांकि दारांग ने फार्मर प्रोड्यूसर कंपनिज, सेल्फ हेल्प ग्रुप्स और उद्यमियों, और प्रगतिशील किसानों के साथ बैठक की। जिला स्तरीय समिति के साथ बैठक में वन डिस्ट्रिक्ट, वन प्रोडक्ट के चयन पर विचार विमर्श किया गया।

0000000000000000